SM – 135

II Semester B.B.A./B.H.M. Examination, May/June 2018
(Semester Scheme) (CBCS) (F + R) (2016-17 and Onwards)
LANGUAGE HINDI – II
Kavitha, Vanijya Patra aur Anuvad

Time : 3 Hours Max. Marks : 70

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक शब्द** या **वाक्य** में लिखिए : (10×1=10)

1) किस ऋतु में वृक्ष के पुराने पत्ते झड़ जाते है ?

2) श्री हनुमान किसके सेवक हैं ?

3) खीर खिलाने के लिए बुद्ध को कौन ढूँढ़ रही थी ?

4) किसकी इच्छा से यह संसार बना है ?

5) किसके छूने से जड़ अमरता का वरदान पा लेता है ?

6) भारत का शाश्वत गौरव कौन है ?

7) हिमकण क्या बनकर झरते है ?

8) इन्सान के सपनों पर क्या गिरने नहीं देंगे ?

9) कवि रामनिवास 'मानव' के अनुसार विश्व कैसा है ?

10) अतुलनीय सेवाएँ करनेवाले किससे दूर रहते है ?

II. संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : (1×6=6)

अ) पतवारी माला पकरि और न कछू उपाउ।
तरि संसार-पयोधि कौं, हरि -नावैं करि नाउ।।

अथवा

रामु है मातु, पिता, गुरु, बंधु औ संगी, सखा, सुतु, स्वामि: सनेही ।
रामकी सौंह, भरोसो है राम को, राम रँग्यो, रुचि राच्यो न केही ।
जीअत रामु, मुएँ, पुनि रामु, सदा रघुनाथहि की गति जेही ।
सोई जिऐ जग में, 'तुलसी' नतु डोलत और मुए धरिदेही ।।

P.T.O.

आ) संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : (1×6=6)

जो नहीं हो सके पूर्ण–काम
मैं उनको करता हूँ प्रणाम !
कुछ कुण्ठित औ कुछ लक्ष्य–भ्रष्ट
जिनके अभिमंत्रित तीर हुए;
रण की समाप्ति के पहले ही
जो वीर रिक्त तूणीर हुए!
–उनको प्रणाम!

अथवा

हमें लगती
किसानों के गड़रियों के गलों से
गीत की कडियाँ मनोहरी !
खुशी के गीत गाते इन गलों में
हम कराहो और आहों को
कभी जाने नहीं देंगे।

III. किसी **एक** कविता का सारांश लिखकर उसकी विशेषताएँ बताइए : (1×12=12)

1) नर्तन ।
2) जीवन सन्देश ।

IV. किसी **एक** कविता पर टिप्पणी लिखिए : (1×6=6)

1) जीवन–भूमि का युद्ध ।
2) हिमाद्रि ।

V. किन्हीं **दो** पत्र लिखिए : **(2×10=20)**

1) एजेंसी की स्वीकृती देते हुए 'दीपा प्लास्टिक' इन्डस्ट्रीस, राजाजी नगर, बेंगलूरु की ओर से 'राजलक्ष्मी स्टोर्स', बल्लारी के नाम एक पत्र लिखिए ।

2) आदेशानुसार कम्प्यूटर न भेजने की शिकायत करते हुए विक्रय व्यवस्थापक महेन्द्र एण्ड कम्पनी की ओर से एक पत्र 'जनित कम्प्यूटर सप्लेयर्स' मुंबई को लिखिए ।

3) खोये हुए चेक का भुगतान रोकने का अनुरोध करते हुए प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, अवेन्यू रोड़ शाखा, बेंगलूरु को एक पत्र लिखिए ।

VI. हिंदी में अनुवाद कीजिए : **(1×10=10)**

1) Pardon
2) Partition
3) Qualification
4) Ratio
5) Recruitment
6) Secular
7) Technical Training
8) Under developed
9) Under singned
10) Validity.